भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2291

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

उत्तर प्रदेश में आयुष आरोग्य केन्द्र

2291. श्री रामभुआल निषाद:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आयुष क्षेत्र के लिए सरकार द्वारा आवंटित कुल धनराशि कितनी है तथा इसमें विशेषकर सुल्तानपुर जिले सहित उत्तर प्रदेश को, जिला-वार जारी की गई धनराशि कितनी है;

(ख) आगामी वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में, विशेषकर सुल्तानपुर जिले में, कितने नए आयुष आरोग्य केन्द्रों/आयुष्मान आरोग्य मंदिरों/यूनानी केन्द्रों का निर्माण प्रस्तावित है; और

(ग) उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में आयुष आरोग्य केन्द्रों/आयुष्मान आरोग्य मंदिरों/यूनानी केन्द्रों के लिए कितने नए चिकित्सकों तथा अन्य सहायक कर्मियों की भर्ती की गई है अथवा प्रस्तावित है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत, केंद्र सरकार द्वारा आयुष पद्धति के विकास एवं प्रोत्साहन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 736.16 करोड़ रुपये की राशि आवंटित/जारी की गई है, और इसमें से 24.15 करोड़ रुपये की राशि उत्तर प्रदेश राज्य को जारी की गई है। एनएएम के तहत जिला-वार धनराशि जारी नहीं की जाती है।

(ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए नए आयुष आरोग्य केंद्रों/आयुष्मान आरोग्य मंदिरों/यूनानी केंद्रों की स्थापना करना संबंधित राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। तथापि, एनएएम के अंतर्गत, मौजूदा आयुष औषधालयों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करके आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम (आयुष)] के रूप में पुनर्नामित किया गया है, के संचालन के लिए उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपीर) के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न भागों में 1034 एएएम (आयुष) को स्वीकृति प्रदान की है, जिनमें सुल्तानपुर जिले के 11 एएएम (आयुष) भी शामिल हैं, और राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार ये सभी संचालित हैं।

(ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में आयुष आरोग्य केंद्रों /आयुष्मान आरोग्य मंदिरों/यूनानी केंद्रों में डॉक्टरों और अन्य सहायक कर्मचारियों के पदों को भरने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में एएएम (आयुष) के तहत 9 चिकित्सा अधिकारी, 5 फार्मासिस्ट, 8 अटेंडेंट और 3 स्वीपर/चौकीदार तैनात किए गए हैं।

*****